Reg: Need to identify black spots on roads all over the country and take corrective measures to prevent road accidents

श्री रमाकान्त भार्गव (विदिशा): देश के ऐसे क्षेत्र जहाँ पर विगत तीन वर्षों में 500 मीटर दायरे में 05 गंभीर सड़क दुर्घटनाएं अथवा 10 मृत्यु घटित हुई हैं को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित किया जाता है। देश में नेशनल हाइवे के लगभग 3750 स्थान हैं एवं अन्य सड़कों को मिलाकर लगभग 5803 ब्लैक स्पॉट हैं। देश में सबसे ज्यादा ब्लैक स्पॉट वाले राज्य तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, मेघालय, मिजोरम, त्रिपुरा, मणिपुर और नागालैण्ड हैं। एक सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार इन जगहों पर वर्ष 2016 से 2018 में 79 हजार दुर्घटनाए हुईं जिसमें 39 हजार से ज्यादा लोगों को जान गवानी पड़ी। मैं सरकार से मांग करता हूँ कि देश के सभी सड़क मार्गों पर ब्लैक स्पॉट स्थलों को चिन्हित किया जावे एवं उन्हें प्राथामिकता के अनुसार उसमें सुधार किया जावे, जिससे देश में ब्लैक स्पॉट के स्थलों पर होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके।